# परमाणु क्षेत्र को निजी क्षेत्र के लिए खोलेंगे

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र में 21वीं सदी को भारत की सदी बताया

**50,000**

### अटल टिंकरिंग लैब बनाने पर हो रहा है काम



**हैदराबाद, 27 नवंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र में 21वीं सदी को भारत की सदी बताते हुए गुरुवार को कहा कि सरकार इस क्षेत्र की तरह अब परमाणु क्षेत्र को भी निजी क्षेत्र के लिए खोलने की दिशा में आगे बढ़ रही है.**

देश की ऊर्जा सुरक्षा तथा प्रौद्योगिकी नेतृत्व को बल मिलेगा. श्री मोदी ने उच्च प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान तथा नवाचार पर विशेष बल देते हुए कहा कि आने वाले दिनों में सरकार देश भर में विद्यार्थियों के लिए और 50,000 अटल टिंकरिंग लैब बनाने पर काम कर रही है. अटल टिंकरिंग लैब भारत सरकार की एक पहल है जिसका उद्देश्य स्कूलों में छात्रों

### दुनिया की भारत से बहुत अधिक उम्मीदें

उन्होंने कहा कि यह सुधार हमारी ऊर्जा सुरक्षा और प्रौद्योगिक क्षेत्र में नेतृत्वकारी भूमिका को नई शक्ति मिलेगी. श्री मोदी ने कहा कि भारत के पास स्पेस सेक्टर में जो सामर्थ्य है, वैसा सामर्थ्य दुनिया में केवल कुछ ही देशों के पास है. देश में विशेषज्ञ इंजीनियर हैं, उच्चस्तरीय विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र, विश्वस्तरीय अंतरिक्ष यान प्रक्षेपण स्थल और नवाचार को प्रोत्साहन करने वाली सोच है. उन्होंने अंतरिक्ष उद्योग से भारत के सामर्थ्य के प्रति इस समय दुनिया के बढ़ते आकर्षण का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र का सामर्थ्य लागत की दृष्टि से किफायती और भरोसेमंद है. इसी वजह से दुनिया की भारत से बहुत अधिक उम्मीदें हैं.

के बीच रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देना है. श्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हैदराबाद में अंतरिक्ष उद्योग क्षेत्र की स्टार्टअप कंपनी स्काईरूट के इन्फिनिटी कैंपस का उद्घाटन कर रहे थे. प्रधानमंत्री ने स्काईरूट के पहले ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 का अनावरण किया.

उन्होंने इस अवसर पर कहा, जैसे हमने अंतरिक्ष क्षेत्र में नवाचार को प्राइवेट सेक्टर के लिए खोला, वैसे ही हम एक बहुत महत्वपूर्ण क्षेत्र में भी कदम उठाने जा रहे हैं. हम न्यूक्लियर सेक्टर को भी (निजी क्षेत्र के लिए) खोलने की तरफ आगे बढ़ रहे हैं. उन्होंने कहा हम परमाणु क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर की सशक्त भूमिका की नींव रखने जा रहे हैं. इससे छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर, उन्नत रिएक्टर और परमाणु प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नवाचार के अवसर बनेंगे.

# हांगकांग में आग लगने से 44 की मौत

### 279 लोग अभी भी लापता



**हांगकांग, 27 नवंबर. हांगकांग के ताइ पो जिले में आवासीय इमारत में आग लगने से कम से कम 44 लोगों की मौत हो गई है और 279 लोग अभी भी लापता हैं.**

बचाव दल ऊंची इमारतों की तलाशी ले रहे हैं, जिनमें अभी भी आग लगी हुई है. इस कॉम्प्लेक्स में बड़ी संख्या में बुजुर्ग लोग रहते हैं, जिससे मरने वालों की संख्या और बढ़ने की आशंका है. अधिकारियों ने तीन लोगों को गैर-इरादतन हत्या के शक में गिरफ्तार किया है, उन पर आग लगने से जुड़ी बड़ी लापरवाही का आरोप है. उनके शामिल होने के बारे में अभी तक जानकारी नहीं दी गई है.

हांगकांग के चीफ एग्जीक्यूटिव जॉन ली ने कहा है कि आने वाले लेजिस्लेटिव काउंसिल (लेगको) चुनावों से पहले सभी चुनाव प्रचार गतिविधियों को रोक दिया गया है. सरकार आपदा प्रतिक्रिया को प्राथमिकता दे रही है. रेडियो टेलीविज हांगकांग के मुताबिक शहर के चीफ एग्जीक्यूटिव जॉन ली ने सुबह एक ब्रीफिंग में पत्रकारों से कहा, सबसे पहली प्राथमिकता आग बुझाना और फंसे हुए लोगों को बचाना है. दूसरा काम घायलों का इलाज करना है, तीसरा उसके बाद के हालात को संभालना है.

# जी20 सदस्यता हमारा अधिकार : रामाफोसा



**ट्रंप ने कहा- द. अफ्रीका कर रहा मानवाधिकारों का उल्लंघन**

**प्रिटोरिया, 27 नवंबर. राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया का रुख करते हुए कहा था कि दक्षिण अफ्रीका 'मानवाधिकारों का उल्लंघन' कर रहा है और उसने 'जी20 की मेजबानी के दस्तावेजों के हस्तांतरण में प्रोटोकॉल का उल्लंघन' किया है.**

इस दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति साइरिल रामाफोसा ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान पर

रामाफोसा ने दक्षिण अफ्रीका की सदस्या के संबंध में लगाई अटकलों को सिरे से खारिज किया. अमेरिका से कूटनीतिक रिश्ते सुधारने की कई कोशिशों के बावजूद 'गलत सूचना और विकृतियों' के आधार पर ट्रम्प का उनके देश के खिलाफ 'दंडात्मक उपाय' अपनाना निराशाजनक है. अमेरिका द्वारा बॉयकॉट किया शिखर सम्मेलन जोहान्सबर्ग सदस्य राज्यों की तारीफों को केंद्र बना व अंत 'बहुपक्षीय सहयोग' की पुष्टि करने वाले घोषणा पत्र के साथ हुआ. अमेरिका की आपत्तियों के बावजूद 20 राष्ट्रनेताओं के एक समूह ने जलवायु संकट सहित कई अन्य वैश्विक चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित कर एक घोषणापत्र पर अपने हस्ताक्षर किये.



अपना रुख साफ करते हुए कहा है कि उनका देश 'अपने अधिकार से' जी20 का सदस्य है और सम्मेलन में शामिल होने के लिए उन्हें किसी देश के मशवरे की जरूरत नहीं है. गौरतलब है कि श्री ट्रम्प ने कहा था कि वह दक्षिण अफ्रीका को 2026 में फ्लोरिडा में होने वाले जी20 सम्मेलन में आमंत्रित नहीं करेंगे. इसके जवाब में रामाफोसा ने कहा, दक्षिण अफ्रीका अपने नाम और अधिकार से जी20 का सदस्य है. उसकी जी20 सदस्यता सभी सदस्य राष्ट्रों की मंजूरी से है. दक्षिण अफ्रीका लोकतांत्रिक देश है और वैश्विक मंचों में सदस्यता अधिकार के संबंध में किसी अन्य देश से अपमान स्वीकार नहीं करता है.

## बहुविवाह की प्रथा के खिलाफ बिल पास

**त्रिपुरा, 27 नवंबर.** असम विधानसभा ने पारित कर दिया. इस विधेयक का उद्देश्य राज्य में बहुविवाह की प्रथा को पूरी तरह रोकना और इसे कानूनी रूप से अमान्य घोषित करना है. बिल में स्पष्ट किया गया है कि असम में एक से अधिक विवाह करना अब पूरी तरह गैरकानूनी माना जाएगा और इससे जुड़े सभी विवाह अमान्य माने जाएंगे. राज्य सरकार का कहना है कि यह कदम समाज में समान नागरिक अधिकार, महिलाओं की सुरक्षा और सामाजिक न्याय को मजबूत करने के लिए उठाया गया एक बड़ा सुधार है. बिल बहुविवाह से जुड़े तमाम मामलों को कवर करता है और उन्हें दंडनीय बनाता है. नए कानून में कड़ी सजा का प्रावधान है.

# कर्नाटक में वरिष्ठ मंत्रियों का दखल बढ़ा

**मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री के बीच सत्ता नेतृत्व की खींचतान**



**बेंगलुरु, 27 नवंबर. कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच सत्ता के नेतृत्व की खींचतान के बीच अब प्रभावशाली धार्मिक नेताओं और वरिष्ठ मंत्रियों की दखलंदाजी भी सामने आयी है.**


प्रदेश में 2023 में कांग्रेस सरकार बनने के बाद से ही चल रहा यह विवाद इस हफ्ते दोनों नेताओं के साथ जुड़े समुदाय के साधु-संत के नए बयानों के बाद फिर से सामने आ गया. नेतृत्व का मंथन जो पहले काफी हद तक पार्टी के गलियारों तक ही सीमित था, अब जाति के पहलुओं के और साफ होने के साथ सार्वजनिक हो गया है. मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के समर्थक माने जाने वाले एक प्रमुख कुरुबा संत ने जोर दिया है कि मुख्यमंत्री कौन होगा, जिससे मुख्यमंत्री की लंबे समय से चली आ रही इस दलील को बल मिला कि कानूनी समर्थन से नेतृत्व तय होना चाहिए. इस टिप्पणी को उप मुख्यमंत्री शिवकुमार के पक्ष में नेतृत्व बदलने की वकालत करने वाले गुटों के लिए एक छोटी सी चेतावनी के रूप में समझा जा रहा है. वोक्कालिगा संतों ने श्री शिवकुमार को अपना समर्थन फिर से दिया है, और इस बात पर ज़ोर दिया है कि समुदाय को उम्मीद है

प्रदेश के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने इस मामले में कहा कि नेतृत्व के मुद्दों को पारदर्शिता तरीके से और सरकार की स्थिरता के हित में सुलझाया जाना चाहिए. श्री परमेश्वर की बातों से यह सवाल भी खड़े हो रहे हैं कि क्या वह खुद को एक विकल्प के तौर पर पेश कर रहे हैं या सिर्फ पार्टी में आंतरिक अनुशासन की मांग कर रहे हैं. दूसरी तरफ सिद्धारमैया और श्री शिवकुमार दोनों ही नेता पहले की तरह ही इस बात पर जोर दे रहे हैं कि सरकार स्थिर है.

## इसरो प्रमुख ने निजी नेविगेशन केन्द्र का किया शुभारंभ

**तिरुवनंतपुरम, 27 नवंबर.** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने भारत के पहले निजी क्षेत्र के नेविगेशन नवाचार केंद्र अनंत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर नेविगेशन (एसीईएन) का उद्घाटन केरल के तिरुवनंतपुरम में किया. अनंत टेक्नोलॉजीज द्वारा स्थापित इस केंद्र का उद्घाटन मंगलवार को किया गया. उद्घाटन समारोह में रक्षा, अंतरिक्ष और शैक्षणिक संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए थे. कंपनी ने नेविगेशन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह आधुनिक रक्षा और नागरिक जीवन की अदृश्य रीढ़ है.

### एक नज़र में



## इंडोनेशिया में भूकंप के तेज झटके महसूस किए

**जकार्ता 27 नवंबर.** इंडोनेशिया में गुरुवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये. रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.5 मापी गयी. इंडोनेशिया के मौसम, जलवायु और भूकंपीय विज्ञान एजेंसी ने यह जानकारी दी. भूकंप का केन्द्र उत्तर सुमात्रा प्रांत के पश्चिम तट में जमीनी सतह से 10 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था. भूकंप से किसी प्रकार की हताहत या क्षति की जानकारी नहीं मिली है और न ही किसी सुनामी का खतरा है.

## पश्चिम बंगाल में बंगलादेशी नागरिक गिरफ्तार


**कोलकाता, 27 नवंबर.** पश्चिम बंगाल में हुगली जिले के डानकुनी शहर में 15 साल से रह रहे बंगलादेशी नागरिक को एक मृत व्यक्ति के पहचान पत्र विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) के तहत गणना पत्र भरने के आरोप में गिरफ्तार किया गया. आधिकारिक सूत्रों के अनुसार आरोपी को मृत व्यक्ति के परिवार के सदस्यों ने पकड़ लिया और स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया. उन्होंने बताया कि नदीम सरदार करीब 15 साल पहले भारत आया था और उसने गोबरा क्षेत्र के रोबिन नामक एक व्यक्ति को 4,000 रुपये देकर अपना आधार कार्ड बनवाया था और तब से कोलकाता के पास डानकुनी में रह रहा था. वह तब पकड़ा गया जब उसने स्थानीय ब्लॉक स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) से नौ साल पहले मर चुके मोहसिन खान का गणना पत्र हासिल किया और उसे भरने की कोशिश कर रहा था. माथुर डांगी गाँव के वार्ड नंबर 20 के मोहसिन खान के परिवार के सदस्यों ने हाल ही विवरण देखने के बाद इस धोखाधड़ी को भांप लिया और उसे पकड़कर डानकुनी पुलिस के हवाले कर दिया. पुलिस ने न्यायिक प्रक्रिया के लिए नदीम सरदार और रोबिन को श्रीरामपुर अदालत में पेश किया.

## नकली नोट मामले में पाक नागरिक को हुई सजा

**नयी दिल्ली, 27 नवंबर.** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने राजस्थान में 2019 के नकली नोट मामले में एक पाकिस्तानी नागरिक को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है. अदालत ने आरोपी रण सिंह को सजा सुनाते हुए उस पर 94,000 रुपये मूल्य के नकली भारतीय मुद्रा नोट (एफआईसीएन) की जब्ती से संबंधित मामले में 30,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया. आरोपी को मई 2019 में राजस्थान के मुनाबाओ स्थित लैंड कस्टम स्टेशन से गिरफ्तार किया गया था, जबकि उसका सह-साजिशकर्ता पाकिस्तानी नागरिक कुनपजी अभी भी फरार है. एनआईए ने नवंबर 2019 में दोनों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था और जयपुर की विशेष अदालत ने सजा सुनाई.

# चीन में ट्रैक पर 11 कामगारों को ट्रेन ने कुचला, 2 गंभीर

**बीजिंग/कुनमिंग 27 नवंबर. चीन के दक्षिणी प्रांत युन्नान में गुरुवार सुबह एक भयानक रेल दुर्घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया.**



कुनमिंग शहर के लुओयांगजेन रेलवे स्टेशन के पास उस वक्त भयावह स्थिति बन गई, जब भूकंप से जुड़े सेंसर और उपकरणों की जांच कर रही एक टेस्ट ट्रेन अचानक ट्रैक पर काम कर रहे कर्मचारियों से जा टकराई. हादसा इतना तेज और अचानक था कि मौके पर मौजूद कई कर्मचारियों को संभलने तक का मौका नहीं मिला. इस टक्कर में 11 रेलवे कर्मचारियों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 2 गंभीर रूप से घायल हुए हैं. चीन, जो दुनिया का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क संचालित करता है और हाई-स्पीड ट्रेन सुरक्षा पर गर्व करता रहा है, एक बार फिर सवालों के घेरे में है. हादसे ने याद दिलाया कि आधुनिक तकनीक के बीच इंसानों की सुरक्षा अक्सर सबसे कमजोर कड़ी बन जाती है.

## मांस परोसे जाने के निर्देश की खबरें निराधार : रेलवे

**नई दिल्ली 27 नवंबर.** भारतीय रेल ने ट्रेनों में हलाल प्रमाणित सामिष परोसे जाने की खबरों को निराधार बताया है और कहा है कि रेलवे ने गाड़ियों में हाल प्रमाणित मांसाहार परोसने के बारे में कभी कोई निर्देश नहीं दिया है. इस संबंध में मीडिया की कुछ खबरों पर स्पष्टीकरण देते हुए भारतीय रेल ने गुरुवार को कहा कि रेलवे तथा उसका उपक्रम भारतीय रेलवे खानपान एवं और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) अपने सभी खाद्य पदार्थों के मामले में सिर्फ भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसआई) के दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हैं.

### आज का इतिहास

- 1520 – फर्डिनान्द मैगलन ने प्रशांत महासागर को पार करने की शुरुआत की।
- 1660 – लंदन में द रॉयल सोसायटी का गठन हुआ।
- 1676 – बंगाल की खाड़ी के तट पर पूर्वी भारत के उपजाऊ क्षेत्र और महत्वपूर्ण बंदरगाह पुद्दुचेरी पर फ्रांसीसियों का क़ब्ज़ा हो गया।
- 1814 – द टाइम्स ऑफ लंदन को पहली बार स्वचालित प्रिंट मशीन से छापा गया।
- 1821 – पनामा ने स्पेन से आजाद होने की घोषणा की।

# ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य शक्ति का प्रतीक : राष्ट्रपति मुर्मु

**संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को राष्ट्रपति ने किया संबोधित**



**नई दिल्ली 27 नवम्बर. राष्ट्रपति और तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मु ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत की आतंकवाद-रोधी और प्रतिरोधक रणनीति का प्रतीक बताते हुए कहा है कि भारत शांति चाहता है लेकिन अपनी सीमाओं तथा लोगों की सुरक्षा के लिए दृढ़ता और संकल्प के साथ किसी भी स्थिति से निपटने को तैयार है.**

मुर्मु ने गुरुवार को यहां सेना द्वारा आयोजित तीसरी चाणक्य डिफेंस डायलॉग- के तीसरे संस्करण के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने देश की संप्रभुता की रक्षा में पेशेवराना दक्षता और देशभक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. उन्होंने कहा, हमारे बलों ने हर सुरक्षा चुनौती चाहे पारंपरिक हो, उग्रवाद विरोधी हो या मानवीय, हमारे बलों ने अद्भुत क्षमता और दृढ़ संकल्प दिखाया है. ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को देश की आतंकवाद-रोधी और प्रतिरोधक रणनीति का निर्णायक क्षण बताते हुए उन्होंने कहा, इसने न केवल भारत की सैन्य क्षमता को दुनिया के सामने रखा, बल्कि जिम्मेदारी और दृढ़ तरीके से शांति के लिए कार्य करने की भारत की नैतिक स्पष्टता को भी प्रदर्शित किया. मुर्मु ने कहा सशस्त्र बल अपने संचालन दायित्वों से परे राष्ट्रीय विकास के स्तंभ भी हैं.

### सुधारों के माध्यम से स्वयं को बदल रही सेना

राष्ट्रपति ने कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है. वैश्विक व्यवस्था प्रतिस्पर्धी शक्ति केंद्रों, तकनीकी उथल-पुथल और बदलते गठबंधन के कारण नया आकार ले रही है. साइबर, अंतरिक्ष और सूचना युद्ध जैसे नए प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों ने शांति और युद्ध की रेखाओं को धुंधला कर दिया है. उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम की हमारी सभ्यतागत भावना से प्रेरित होकर भारत ने दिखाया है कि रणनीतिक स्वायत्तता वैश्विक जिम्मेदारी के साथ हमारी कूटनीति, अर्थव्यवस्था और सशस्त्र बल मिलकर ऐसे भारत की छवि प्रस्तुत करते हैं जो शांति चाहता है, लेकिन अपने सीमाओं और नागरिकों की सुरक्षा के लिए दृढ़ता और संकल्प के साथ तैयार है. राष्ट्रपति ने इस बात पर खुशी जाहिर की कि सेना बदलाव के दशक के अंतर्गत सुधारों के माध्यम से स्वयं को बदल रही है. वह संरचनाओं में सुधार कर रही है, सिद्धांतों को पुनर्परिभाषित कर रही है और सभी क्षेत्रों में भविष्य के लिए सक्षम बनने के लिए क्षमताओं का पुनर्निर्माण कर रही है.

## देवेंद्र फड़णवीस पीएम को लिखेंगे पत्र

**मुंबई, 27 नवंबर.** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने कहा है कि वह पवई स्थित आईआईटी बॉम्बे का नाम बदलकर आईआईटी मुंबई करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखेंगे. केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोमवार को आईआईटी बॉम्बे में एक समारोह में कहा था कि जहां तक आईआईटी बॉम्बे का सवाल है, भगवान का शुक्र है कि इसका अभी भी यही नाम है. आपने इसे बदलकर मुंबई नहीं किया है. तो यह आपके लिए एक और प्रशंसा है और मद्रास के लिए भी सच है. यह आईआईटी मद्रास ही रहेगा. डॉ. जितेंद्र सिंह के इस बयान पर बड़ा विवाद खड़ा हो गया.

# पराली प्रबंधन में पंजाब ने दिखाया रास्ता

**हितधारकों के साथ मंत्री शिवराज सिंह ने किया संवाद**

**मोगा (पंजाब)/नई दिल्ली, 27 नवंबर. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज पंजाब के मोगा जिले के रणसिंह कलां गांव में किसानों और ग्रामीणों के साथ संवाद किया.**

उन्होंने पराली नहीं जलाने, फसल अवशेष प्रबंधन, कम रासायनिक खाद के उपयोग और पानी-बचत वाली खेती के लिए गांव की पंचायत और किसानों को बधाई दी तथा इसे पूरे देश के लिए प्रेरक आदर्श बताया. देश की राजधानी दिल्ली में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है.



पराली प्रबंधन पर हितधारकों के साथ संवाद के दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पराली जलाने की घटनाओं ने पूरे देश को चिंतित किया, क्योंकि इससे खेत तो साफ दिखता था लेकिन मित्र कीट नष्ट हो जाते थे और गंभीर वायु प्रदूषण पैदा होता था. उन्होंने बताया कि इस वर्ष पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है और रणसिंह कलां जैसे गांवों ने दिखा दिया है कि वैज्ञानिक प्रबंधन के जरिये बिना आग लगाए भी खेतों की सफाई और अगली फसल की तैयारी संभव है. पंजाब ने पराली प्रबंधन का ऐसा मॉडल विकसित किया है.

# योगी सरकार अब बदलेगी फाजिल नगर का नाम

**गाजियाबाद, 27 नवंबर. उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने गुरुवार को जैन परंपरा और धार्मिक धरोहरों को नया सम्मान देते हुए एक बड़ा कदम उठा लिया.**




गाजियाबाद में भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा स्थापना और मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की कि कुशीनगर जिले का फाजिल नगर अब 'पावा नगरी' नाम से जाना जाएगा. यही वह पवित्र स्थल है जहां भगवान महावीर ने अपना महापरिनिर्वाण प्राप्त किया था. सीएम योगी ने कहा कि यह परिवर्तन सिर्फ नाम का बदलाव नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, जैन दर्शन और आध्यात्मिक विरासत को सम्मान देने का प्रयास है. उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सौभाग्यशाली है जहां प्रथम जैन तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव और कई अन्य जैन तीर्थंकरों ने जन्म लिया. अयोध्या, काशी और श्रावस्ती जैसी नगरीय धरोहरें इसे और अधिक पवित्र बनाती हैं.

**सुनवाई** | **सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर प्रक्रिया की संवैधानिक वैधता पर सुनवाई के दौरान पूछा**

# क्या घुसपैठियों को वोट देने का हक मिलना चाहिए?

**नई दिल्ली, 27 नवंबर. उच्चतम न्यायालय ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया की संवैधानिक वैधता पर अहम सुनवाई की.**

इस दौरान उन्होंने पूछा, क्या ऐसे लोग जो गैर-कानूनी तरीके से भारत में आये हैं, लेकिन जिनके पास कल्याण कारी योजनाओं के लाभों को लेने के लिए आधार कार्ड हैं, उन्हें भी वोट देने का हक होना चाहिए? मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की एक पीठ ने एसआईआर को चुनौती देने वाली अलग-अलग



राज्यों की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह बात कही. यह बात पश्चिम बंगाल और केरल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के इस तर्क के बाद आई कि आधार कार्ड होने के बावजूद मतदाताओं को बाहर रखा जा रहा है. न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने स्पष्ट किया कि आधार का मकसद इसे बनाने वाले कानून के तहत योजनाओं का लाभ पाने तक ही सीमित है. उन्होंने पूछा मान लीजिए कि पड़ोसी देशों से लोग यहां आते हैं और यहां रिक्शा चलाने या मजदूरी करने लगते हैं. अगर आप आधार कार्ड इसलिए जारी करते हैं ताकि उन्हें सब्सिडी वाला राशन मिल सके, तो यह हमारे संवैधानिक मूल्यों के हिसाब से है. लेकिन क्या इसका मतलब यह है कि क्योंकि उन्हें यह फ़ायदा दिया गया है, तो अब उन्हें वोटर भी बना देना चाहिए? मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मीडिया कवरेज ने एसआईआर प्रक्रिया को राज्य में मशहूर कर दिया है.

### बंगाल में छब्बीस लाख संदिग्ध वोटर

पश्चिम बंगाल में अगले साल चुनाव होने हैं और उससे पहले चुनाव आयोग ने राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया है. इसी प्रक्रिया के दौरान एक बड़ा खुलासा हुआ है. आयोग का दावा है कि लगभग 26 लाख मतदाताओं के नाम मौजूदा सूची में हैं, लेकिन वे 2002 की वोटर लिस्ट से मेल नहीं खाते. इस खुलासे के बाद राज्य की राजनीति में भारी हलचल मच गई है.

# यूपी में भाजपा ने जारी की 14 जिलाध्यक्षों की सूची

**पांच लोगों को मिला दोबारा मौका**

**लखनऊ, 27 नवंबर. उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति से पहले बुधवार की देर रात 14 जिलाध्यक्षों के नामों की घोषणा की गयी है, इनमें से पांच को दोबारा मौका मिला है.**

प्रदेश चुनाव अधिकारी और पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. महेंद्रनाथ पांडेय ने कल रात 14 जिलाध्यक्षों की सूची जारी कर दी. इससे पहले पार्टी ने 16 मार्च को 70 जिलाध्यक्षों का एलान किया था. प्रदेश में भाजपा के कुल 98 संगठनात्मक जिले हैं. इस लिहाज से अभी 14 की घोषणा होना बाकी है. संगठन की ओर से जारी सूची के अनुसार बहुत लंबी कवायद के बाद घोषित किए गए जिलाध्यक्षों में पार्टी ने सामाजिक समीकरण साधने का भी पूरा प्रयास किया है. पार्टी ने पिछड़ा वर्ग को सर्वाधिक तरजीह देते हुए 7 जिलाध्यक्ष इसी वर्ग से बनाए हैं. इसके अलावा सामान्य वर्ग के छह और अनुसूचित वर्ग से एक जिलाध्यक्ष बनाया है. अभी तक घोषित किए गए जिलाध्यक्षों में जातिगत गुणा-गणित देखें तो 84 में से सामान्य वर्ग से 45, पिछड़ा वर्ग से 32 और अनुसूचित वर्ग से सात जिलाध्यक्ष बनाए गए हैं.